श्रीमान जिलाधिकारी महोदया व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद बदायूँ द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर दातागंज तहसील बदायूँ तथा श्रीमान आयुक्त महोदया, अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा सदर तहसील बदायूँ पर जनसमस्याओं को सुना गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी महोदया जनपद बदायूं एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0ओ0पी0 सिंह जनपद बदायूं, मुख्य चिकित्सा अधिकारी बदायूँ, सीडीओ, प्रशिक्षणाधीन क्षेत्राधिकारी, क्षेत्राधिकारी दातागंज, थाना प्रभारी दातागंज तथा अन्य अधिकारीगण द्वारा तहसील दातागंज पर जनता से संवाद कर जनसमस्याओं को सुना व निस्तारण किया गया तथा श्रीमान आयुक्त महोदया, अपर पुलिस अधीक्षक नगर,एसडीएम सदर, क्षेत्राधिकारी नगर, कोतवाली थाना प्रभारी तथा अन्य अधीकारीगण द्वारा सदर तहसील जनपद बदायूँ पर जनता से संवाद कर जनसमस्याओं को सुना व निस्तारण किया जिनमें से कुछ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया । भूमि विवाद से सम्बंधित मामलों के लिए राजस्व एवं पुलिस विभाग को संयुक्त रूप से गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण हेतु आदेश-निर्देश दिये गए.!

सोशल मीडिया सैल

जनपद बदायूं ।